# न्यायालय जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ जिला चित्तौड़गढ़ (राज.)

## पीठासीन अधिकारी – आलोक रंजन (आई.ए.एस.)

| प्रकरण संख्या | दायर दिनांक | निर्णय दिनांक |
|---|---|---|
| **036/2024(रा.प्रा.प.)**<br>**(GCMS 2024/320)** | **01.10.2024** | **14.05.2025** |

**अनवान**

कन्हैयालाल पिता भगवान जाति रेगर उम्र वयस्क निवासी बांगेडा घाटा तहसील निम्बाहेडा जिला चित्तौड़गढ़ (राज.)

**प्रार्थी**

**बनाम**

1. निलेश पिता राधेश्याम जाति धाकड उम्र वयस्क निवासी बांगेडा घाटा तहसील निम्बाहेडा जिला चित्तौड़गढ़ (राज.)
2. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार निम्बाहेडा जिला चित्तौड़गढ़ (राज0)

**अप्रार्थीगण**

| उपस्थिति :– | | |
|---|---|---|
| | छोगालाल जाट | प्रार्थी |
| | शिवनारायण जाट | अप्रार्थी संख्या 1 |
| | भैरूलाल सालवी (राजकीय अधिवक्ता) | अप्रार्थी संख्या 2 |

**निगरानी अन्तर्गत नियम 14 (04) राजस्थान भू–राजस्व (कृषि प्रयोजनार्थ भूमि का आवंटन) नियम 1970 विरूद्ध उपखण्ड अधिकारी भू–आवंटन कमेटी निम्बाहेडा बमिसल संख्या 427/2021 दिनांक 11.11.2021**

**–:: निर्णय ::–**

प्रकरण का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार हैं प्रार्थीगण ने एक प्रार्थना–पत्र अंतर्गत राजस्थान भू–राजस्व (कृषि–प्रयोजनार्थ भूमि का आवंटन) नियम 1970 के नियम 14(04) के अन्तर्गत खिलाफ अप्रार्थीगण के इस आशय का प्रस्तुत किया कि विपक्षी संख्या 01 को मौजा बांगेडा घाटा तहसील निम्बाहेडा की बिलानाम आराजी संख्या 1141 रकबा 0.80 हैक्टेयर भूमि के संबंध में भू–आवंटन विधि, नियम एवं तथ्यों के विपरित होने से निरस्त योग्य है। प्रार्थी का काफी पुराना कब्जा हैं जिसकी कोई जांच पडताल नहीं थी। विपक्षी संख्या 01 का कब्जा नहीं होते हुए भूमि आवंटन करने में भूल की थी, जो विधि विरूद्ध होने से निरस्तनीय है। अतः प्रार्थना–पत्र स्वीकार फरमाया जाकर विपक्षी का आवंटन निरस्त फरमाया जावे।

प्रकरण दर्ज रजिस्टर कर विपक्षीगण को जरिये सूचना पत्र तलब किया जाकर अधीनस्थ न्यायालय का अभिलेख तलब किया गया। दिनांक 29.10.2024 को विपक्षी संख्या 01 की और से उनके अधिवक्ता हाजिर आये एवं अधिकार पत्र पेश किया जो शामिल पत्रावली है। अप्रार्थी संख्या 02 की और से राजकीय

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

